कार्यालय, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्
शंकरनगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)

Phone No. 0771- 2443497/Fax No. 0771 – 2443596

web : scert.cg.gov.in

क्र. / स्था. / प्रतिनियुक्ति / डाइट / 2015–16 / 3146 रायपुर, दिनांक 26 / 05 / 2015

प्रति,

. . . .

. . . .

. . . .

विषयः जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त व्याख्याता के पद पर प्रतिनियुक्ति से चयन हेतु लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र।

विषयांतर्गत सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.06.2015 को पूर्वान्ह 11.00 से 1.30 बजे तक उक्त परीक्षा शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर, तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर में आयोजित है। कृपया आप परीक्षा प्रारंभ होने के 01 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंच जावें और निम्नलिखित निर्देशों पर ध्यान देवें–

1. इच्छित डाइट में आपसे संबंधित विषय का स्थान रिक्त है अथवा नहीं, सुनिश्चित कर लेवें। स्थान रिक्त न होने की स्थिति में आपको परीक्षा से वंचित नहीं किया जावेगा, किंतु उस डाइट में जहाँ आपसे संबंधित विषय का पद रिक्त नहीं है, आपका चयन नहीं किया जा सकेगा। डाइट का विकल्प साक्षात्कार के समय आपको संशोधित करने का अवसर दिया जा सकेगा। आप उक्त में से किसी भी एक परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
2. परीक्षा कक्ष में मोबाईल / केलकुलेटर ले जाना वर्जित है।
3. प्रश्न पत्र व उत्तर पत्रक कक्ष पर्यवेक्षक को वापस करना होगा।
4. केवल यात्रा भत्ता देय होगा।
5. परिषद् के अतिथि गृह में आवास उपलब्धता के अनुसार ''पहले आओ पहले पाओ'' के आधार पर केवल ठहरने की अनुमति दी जावेगी।
6. परीक्षा में अनुचित साधन का प्रयोग करने पर आपके द्वारा दी गई परीक्षा निरस्त की जावेगी। प्रतिनियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया एवं डाइटवार रिक्तियों की विषयवार संख्या परिषद् के वेबसाइट scert.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

संचालक